सामाजिक वानिकी एवम पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र, इलाहाबाद
Centre for Social Forestry and Eco-Rehabilitation
(A Centre of Indian Council of Forestry Research & Education, Dehradun under Ministry of Environment & Forests, Govt. of India)

3/1, Lajpat Rai Road, New Katra, Allahabad

Phone-0532 -2440795, EPBAX- 0532- 2440796,Fax-0532 -2440797

E Mail: dir_csfer@icfre.org

पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि वानिकी का विकास - कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

सामाजिक वानिकी एवं पारि–पुनर्स्थापन केन्द्र इलाहाबाद के तत्वावधान में दिनांक 26.02.2014 को ''पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि वानिकी'' का विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम माघ मेला क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मनोज खरे डी. एफ. ओ. इलाहाबाद तथा विशिष्ट अतिथि श्री राजीव जेटली प्रबन्धक, नाबार्ड, इलाहाबाद, श्री यादव जी ए. सी. एफ. इलाहाबाद तथा सहकार समिति के अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में इलाहाबाद जिले तथा समीपवर्ती क्षेत्र के कृषकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें मुख्य रूप से श्री राजेन्द्र सिंह एवं आत्मप्रकाश त्रिपाठी इत्यादि प्रगतिशील किसानों ने मेले में अपना अमूल्य योगदान दिया। केन्द्र की निदेशक तथा वैज्ञानिक डा. कुमुद दूबे ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कृषि वानिकी की महत्वपूर्ण प्रजातियों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने राज्य वन विभाग तथा नाबार्ड की योजनाओं से प्रतिभागियों को अवगत किया। केन्द्र की वैज्ञानिक डा. अनिता तोमर, डा. अनुभा श्रीवास्तव तथा डा. वी. पी. पाण्डेय ने कृषि वानिकी के विभिन्न पहलूओं यथा नर्सरी तकनीक, उत्पाद का रख–रखाव, विपणन, बिक्री तथा पौधो पर रोग नियंत्रण सम्बन्धी बिन्दुओं पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन तथा संचालन डा. अनुभा श्रीवास्तव अनुसंधान अधिकारी द्वारा किया गया। किसानों को निःशुल्क पौधा, बीज तथा सम्बंधित साहित्य भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान में कार्यरत डा. शिव महेन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार, प्रवीण त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, वरून कुमार मौर्य, आशीष पाण्डेय, प्रदीप एवं क्षेत्र सहायकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान किया।

फतेहपुर, लखनऊ से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक वेबसाइट : www.dainikjankadam.com हर कदम आपके साथ

जन कदम

● फतेहपुर ● वर्ष : 40 ● अंक : 15 गुरुवार, 27 फरवरी, 2014 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : ₹ 2:0

पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि वानिकी का विकास

इलाहाबाद। सामाजिक वानिकी एवं पारि-पुनर्स्थापन केन्द्र इलाहाबाद के तत्वावधान में 26 फरवरी 2014 को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि वानिकी का विकास विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम माघ मेला क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज खरे (डी. एफ ओ. इलाहाबाद) तथा विशिष्ट अतिथि राजीव जेटली (प्रबन्धक, नाबार्ड, इलाहाबाद), श्री यादव जी (ए. सी. एफ इलाहाबाद) तथा सहकार समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम इलाहाबाद जिले तथा समीपवर्ती क्षेत्र के कृषकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रूप से श्री राजेन्द्र सिंह जी फूलपुर तहसील एवं आत्मप्रकाश त्रिपाठी इत्यादि प्रगतिशील किसानों ने मेले में अपना अमूल्य योगदान दिया।

भारतमाताकीललकार
कार्यक्रम
विकास

कार्यक्रम

26 02 2014

26 02 2014

26 02 2014

पूर्वी उत्तर प्रदेश

निर्मल हो गंगा की धार
गंगाजल ही जीवन है
कृपया इन्हें प्रदूषण से
बचायें